झारखण्ड लोक सेवा आयोग,
सर्कुलर रोड, राँची
संक्षिप्त प्रेस विज्ञप्ति

विज्ञापन सं0–06/2021 के संबंध में आवश्यक सूचना।

आयोग के प्रेस विज्ञप्ति ज्ञापांक–2719 दिनांक–18.11.2021 के द्वारा राज्य विधि विज्ञान प्रयोगशाला, झारखण्ड, राँची में सहायक निदेशक/वरीय वैज्ञानिक पदाधिकारी के विभिन्न पदों पर नियुक्ति हेतु प्रकाशित विज्ञापन संख्या–06/2021 की शर्तों के अनुरूप प्रथम दृष्टया औपबंधिक रूप से स्वीकृत आवेदनों (परीक्षा हेतु विषय सहित) एवं शैक्षणिक योग्यता/अर्हता पूरा नहीं करने वाले/हार्ड–कॉपी ससमय जमा नहीं करने वाले तथा उम्र की अर्हता पूरी नहीं करने वाले आवेदनों की सूची (कारण सहित) आयोग के वेबसाईट www.jpsc.gov.in पर उपलब्ध करायी गयी थी।

पुनः आयोग के शुद्धि–पत्र ज्ञापांक–2733 दिनांक–20.11.2021 के द्वारा 03 (तीन) आवेदनों को अस्वीकृत सूची में शामिल किया गया था और अभ्यर्थियों को यदि कोई आपत्ति हो तो अपने दावे के समर्थन में संबंधित अभिलेख के साथ आपत्ति दिनांक–25.11.2021 तक उपलब्ध कराये जाने हेतु निदेश दिया गया था।

2 उक्त के आलोक में निर्धारित समय सीमा यथा दिनांक–25.11.2021 तक प्राप्त आपत्तियों (वांछित अभिलेख सहित) पर विभाग के विषय–विशेषज्ञ से प्राप्त मन्तव्य के आलोक में विचारोपरान्त औपबंधिक रूप से स्वीकृत आवेदनों की समेकित संशोधित सूची (परीक्षा हेतु विषय सहित) आयोग के वेबसाइट **www.jpsc.gov.in** पर उपलब्ध है।

3. संबंधित प्रतियोगिता परीक्षा एक ही दिन दो पालियों में दिनांक–27.12.2021 को संभावित है। परीक्षा से संबंधित विस्तृत जानकारी आयोग के वेबसाईट पर उपलब्ध करायी जायेगी।

4. यह प्रेस विज्ञप्ति एवं आवेदनों की सूची आयोग के वेबसाईट **www.jpsc.gov.in** पर उपलब्ध है।

ह0/–
सचिव,
झारखण्ड लोक सेवा आयोग, राँची।